भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2185
15 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

पूर्व सैनिकों हेतु रोजगार संगोष्ठी/नौकरी मेला

2185. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :
श्री सुधीर गुप्ता :
श्री प्रतापराव जाधव :
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में गुरुग्राम में पूर्व सैनिकों के लिए एक रोजगार संगोष्ठी/नौकरी मेला आयोजित किया है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त रोजगार मेले के आयोजन के लक्ष्य/उद्देश्य सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) रोजगार मेले में कुल कितनी कंपनियों ने भाग लिया और उक्त मेले में कुल कितने पूर्व सैनिकों को नौकरी प्राप्त हुई ;

(घ) क्या सरकार का भविष्य में देश के विभिन्न हिस्सों में पूर्व सैनिकों के लिए ऐसे और रोजगार मेले आयोजित करने का विचार है ; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख): जी, हां । पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिक नौकरी के अवसर पैदा करने के लक्ष्य और बेहतर संपर्क (आउटरीच़) के उद्देश्य से 23 नवंबर, 2023 को इंडाहेडा मिलिट्री स्टेशन, गुरुग्राम में एक नौकरी मेले का आयोजन किया है ।

(ग): इस नौकरी मेले में कुल 33 कंपनियों ने भाग लिया और भाग लेने वाली कंपनियों द्वारा पूर्व सैनिकों को 1326 नौकरी के अवसर प्रदान किए गए थे । कंपनी चयन प्रक्रिया के अनुसार

इसके बाद साक्षात्कार और दस्तावेजों की जांच के लिए कंपनियों द्वारा विभिन्न नौकरियों के लिए कुल 1139 भूतपूर्व सैनिक शार्टलिस्ट किए गए हैं ।

(घ) और (ङ.): जी, हां । वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों के लिए चंडीगढ़, विशाखापट्टणम, अलवर, पुणे, मुंबई, इंदौर और लखनऊ में सात और पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) रोजगार संगोष्ठियां/नौकरी मेले प्रस्तावित हैं ।

***